# U.P. Power Transmission Corporation Limited
# उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

Office Of The
Superintending Engineer (TP&PSS))
6th Floor, Shakti Bhawan Extn.
14-AshokMarg Lucknow-226001
Email I.D. setppssn@gmail.com
Phone : 0522-4108994

कार्यालयः
अधीक्षण अभियन्ता(टी.पी.एवं पीएसएस)
छठा तल, शक्ति भवन विस्तार,
14, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
दूरभाष : 0522-4108994

पत्रांक : 3769 –अधी0अभि0/टी0पी0एवं पी0एस0एस0/13वीं योजना/TWC दिनांक : 07.02.2019

**विषय : उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनांक 30.01.2019 को आहूत 13वीं योजनाकाल की 24वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त।**

1– डा0 सेंथिल पांडियन सी0, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं अध्यक्ष, समिति।

2– श्री रवि प्रकाश दुबे, निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य, समिति।

3– श्री चन्द्र मोहन, निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य, समिति।

4– श्री सरोज कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त),उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य, समिति।

5– श्री सुमन गुच्छ, निदेशक (वाणिज्य एवं नियोजन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, 5वॉं तल, शक्ति भवन, लखनऊ।

6– मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा प्रणाली), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, एवं स्थायी आमन्त्री, विभूति खण्ड–II, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ।

7– मुख्य अभियन्ता (पी0पी0एम0एम0), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 एवं स्थायी आमन्त्री, 7वॉं तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

8– मुख्य अभियन्ता(नियोजन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

**"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति"** की 13वीं योजनाकाल की दिनांक 30.01.2019 को आहूत 24वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त संलग्न है। यह कार्यवृत्त उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की बेवसाइट **www.upptcl.org** के **ongoing transmission works** लिंक पर भी उपलब्ध है।

संलग्नकः यथोपरि।

( इम्तियाज अहमद )
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0)
एवं सदस्य संयोजक

**प्रतिलिपि :–**

1– मुख्य अभियन्ता (पारेषण: दक्षिण–पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 57 जार्ज टाउन, इलाहाबाद।
2– मुख्य अभियन्ता (पारेषण : उत्तर–पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, मोहद्दीपुर, गोरखपुर।
3– मुख्य अभियन्ता (पारेषण मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता (पारेषण पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन 130–डी,विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
5– मुख्य अभियन्ता (पारेषण: दक्षिण–पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, निकट अमर उजाला प्रेस, ककरैथा रोड़, आगरा।
6– मुख्य अभियन्ता (पारेषण : दक्षिण–मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, हसारी, झांसी।
7– मुख्य अभियन्ता 765 के0वी0, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 15वॉ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
8– मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण– I), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 8/110 इन्दिरानगर, लखनऊ।
9– मुख्य अभियन्ता सी0एम0यू0(टी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 11वॉ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
10– मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण–II), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 9वॉ तल शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
11– मुख्य अभियन्ता (डी0 एण्ड पी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 10वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
12– उप महाप्रबन्धक (पारेषण मुख्यालय) वित्त एवं भुगतान इकाई, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
13– श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्व निदेशक (आपरेशन), के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

**संलग्नक: यथोपरि।**

07/02/2019

**( इम्तियाज अहमद )**
**अधीक्षण अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस)**
**एवं सदस्य संयोजक**

## उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 की "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनॉक 30.01.2019 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की 24वीं बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति :–

1. डा0 सेंथिल पांडियन सी0 : प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष।
2. श्री सरोज कुमार मिश्रा : निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
3. श्री चन्द्र मोहन : निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
4. श्री रवि प्रकाश दुबे : निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
5. श्री सुमन गुच्छ : निदेशक (वाणिज्य एवं नियोजन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
6. श्री इम्तियाज अहमद : अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0) एवं संयोजक सदस्य।

निदेशक (ऑपरेशन) एवं वितरण क्षेत्रों से प्राप्त पारेषण कार्यो के प्रस्तावों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति ने निम्न निर्णय लिये :–

**(क) नये कार्य :–**

**1– 220/132 के0वी0, 2X160 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र चॉदपुर (बिजनौर) का निर्माण कार्य (डबल मेन,ट्रांसफर) :–**

क्षेत्र से सूचनानुसार वर्तमान में चॉदपुर(जनपद बिजनौर) एवं आसपास क्षेत्र की आपूर्ति नहटोर 400 के0वी0 WUPPTCL एवं 220 के0वी0 नेहटौर UPPTCL उपकेन्द्रों से पोषित 132 के0वी0 चाँदपुर उपकेन्द्र द्वारा की जा रही है। शीघ्र ही क्षेत्र के चाँदपुर एवं ताजपुर 132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर भार वृद्धि सम्भावित है परन्तु 132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर पोषकों की क्षमता कम हैं। इन उपकेन्द्रों के स्त्रोत नेहटौर एवं मुरादाबाद उपकेन्द्र पूर्ण भारित रहते हैं। चाँदपुर 132 के0वी0 उपकेन्द्र के बहुत से 33 के0वी0 पोषक एकल लाइन पर टैपिंग कर जुड़े हैं। निरन्तर विद्यमान 132 के0वी0 उपकेन्द्र ताजपुर, चाँदपुर, नेहटौर (220) एवं नजीबाबाद उपकेन्द्रों पर भार वृद्धि, अन्य 132 के0वी0 उपकेन्द्र के लाइनों की पूर्ण भारिता एवं 33 के0वी0 पोषकों के टैपिंग समाप्त करने के दृष्टिगत नये 220 के0वी0 उपकेन्द्र के माध्यम से पोषण करना श्रेयस्कर होगा। वर्तमान 132 के0वी0 चाँदपुर उपकेन्द्र पर अतिरिक्त 33 के0वी0 फीडरों का निर्माण एवं बस–बार विस्तार सीमित 33 के0वी0 हेतु सम्भव है एवं 132 के0वी0 चाँदपुर उपकेन्द्र पर निशुल्क भूमि उपलब्ध है। वितरण इकाई द्वारा नये 33 के0वी0 कलवा सैफी, ककराला, प्रभात एवं टैपिंग कर पोषित ककराला उपकेन्द्र को नये उपकेन्द्र से सीधे जुड़ने का प्रस्ताव सूचित हैं। अतः समिति ने वर्तमान 132 के0वी0 चाँदपुर उपकेन्द्र का उच्चीकरण कर निम्नानुसार निर्माण कार्य अनुमोदित किया:–

- 220/132 के0वी0, 2X160 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र चॉदपुर (बिजनौर) का निर्माण – डबल मेन,ट्रांसफर (उपकेन्द्र पर जीर्ण हो चुके विभिन्न निर्माण के Dismantling एवं बस विस्तार कार्य संहित)
- मेरठ(यू0पी0)765–अमरोहा 220 के0वी0 डी0सी0 लाइन (Moose पर अनुमोदित) के एक सर्किट का चॉदपुर(220) उपकेन्द्र पर लीलो(Moose पर)–27 किमी0
- चॉदपुर(220)–ताजपुर 132 के0वी0 डी0सी0 लाइन(Zebra पर)—30 किमी0
- 132 के0वी0 उपकेन्द्र ताजपुर पर 132 के0वी0 'बे'–2 अदद

<u>उपकेन्द्र पर अतिरिक्त 'बे' का प्राविधान</u>

- 220 के0वी0 फीडर 'बे'–2 अदद
- 220 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–1 अदद
- 132 के0वी0 फीडर 'बे'–4 अदद
- 132 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–2 अदद

अनुमानित व्यय रू0 91.18 करोड़
भूमि की लागत रू0 शून्य है
कुल अनुमानित लागत रू0 91.18 करोड़

2– 220/132/33 के0वी0, 2X100+2X40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र किरावली (आगरा) का निर्माण कार्य (डबल मेन, ट्रांसफर):–

क्षेत्र की सूचनानुसार वर्तमान में किरावली, आगरा व आसपास क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति 132 के0वी0 उपकेन्द्र किरावली से की जाती है व यह 400 के0वी0 आगरा(साऊथ) एवं सिकन्दरा(220) उपकेन्द्रों से पोषित है। 132 के0वी0 किरावली एवं आगरा कैण्ट उपकेन्द्रों पर लाइनों से कुछ 33 के0वी0 उपकेन्द्र टैपिंग कर जुड़े हैं व कुछ नये 33 के0वी0 उपकेन्द्र निर्माण हेतु विद्यमान 132 के0वी0 उपकेन्द्र किरावली पर 33 के0वी0 फीडर के लिए स्थान उपलब्ध नहीं हैं। प्राथमिक उपकेन्द्र किरावली से 33 के0वी0 उपकेन्द्र सहारा एवं सगुनापुर टेपिंग द्वारा एकल 33 के0वी0 मिधाकुर से पोषित हैं। 132 के0वी0 आगरा कैंट उपकेन्द्र पूर्ण भारित है। आगरा कैंट का भार कम करने के लिए निर्माणाधीन 132 के0वी0 फतेहपुर सिकरी उपकेन्द्र पर आगरा कैण्ट से पोषित 33 के0वी0 फीडर जेनगारा विस्थापित होगा। 132 के0वी0 किरावली उपकेन्द्र से 33 के0वी0 यू0पी0एस0आई0डी0सी0, दुरा, मदनपुरा एवं मंगोलीकला एकल पोषक द्वारा पोषित हैं एवं 33 के0वी0 पोषक किरावली (ग्रामीण) एवं किरावली (शहर) को अलग कर नया 220 के0वी0 उपकेन्द्र निर्माण कर पोषित किया जाएगा। 132 के0वी0 उपकेन्द्र फतेहपुर सिकरी,फरह, मथुरा को अतिरिक्त स्त्रोत प्रदान करने की भी आवश्यकता है। अतः क्षेत्र के विद्युत आपूति सुदृढ़ करने हेतु 220 के0वी0 नये उपकेन्द्र का निर्माण आवश्यक है। नये 220/132/33 के0वी0 उपकेन्द्र से वितरण इकाई द्वारा इस क्षेत्र में नये 33 के0वी0 मिधाकुर, किरावली टाउन एवं टैपिंग समाप्त कर दुरा, सहारा, जेनगारा एवं सगुनापुर उपकेन्द्र जोड़ने का प्रस्ताव सूचित है। उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि जूनियर हाई स्कूल नगला सिकरवार तहसील किरावली में उपलब्ध है, जिसका मूल्य रू0 1.05 करोड़ है। अतः समिति ने उपकेन्द्र निर्माण कार्य को निम्नानुसार अनुमोदित किया:–

- 220/132/33 के0वी0, 2X100+2X40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र किरावली (आगरा) का निर्माण कार्य

- सिकन्दरा(220)–भरतपुर (220) 220 के0वी0 राजस्थान प्रसारण निगम एस0सी0 लाइन के आगरा (765) PGCIL पर लीलो उपरान्त आगरा(765) PGCIL–सिकन्दरा(220) 220 के0वी0 सेक्शन का किरावली(220) उपकेन्द्र पर लीलो –13 किमी0 (CEA से अनुमोदन की प्रत्याशा में)
- किरावली(132)–फतेहपुर सिकरी (निर्माणाधीन) 132 के0वी0 एस0सी0 लाइन का किरावली(220) उपकेन्द्र पर लीलो–27 किमी0
- मथुरा–फरह(निर्माणाधीन) 132 के0वी0 एस0सी0 लाइन का किरावली(220) उपकेन्द्र पर लीलो–30 किमी0

<u>उपकेन्द्र पर अतिरिक्त 'बे' का प्राविधान</u>

220 के0वी0 फीडर 'बे'–2 अद्द
220 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–1 अद्द
132 के0वी0 फीडर 'बे'–4 अद्द
132 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–2 अद्द

अनुमानित व्यय रू0 89.23 करोड़
भूमि की लागत रू0 01.05 करोड़ है
कुल अनुमानित लागत रू0 90.28 करोड़

3– **132/33 के0वी0, 2X40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र बिलोचपुरा (बागपत) का निर्माण कार्य(डबल मेन, ट्रांसफर):–**

क्षेत्र की सूचनानुसार वर्तमान में बिलोचपुरा(बागपत) व आस–पास क्षेत्र को 132 के0वी0 उपकेन्द्र बागपत एवं नवनिर्मित हर्सिया से पोषित है। बागपत क्षेत्र में मुख्य स्त्रोत 220 के0वी0 उपकेन्द्र बड़ौत एवं बागपत हैं। क्षेत्र के अन्य विद्यमान 132 के0वी0 सिघांवली एवं निरपुरा उपकेन्द्रों पर 33 के0वी0 पोषकों को जोड़ने के लिए स्थान उपलब्ध नहीं है व कई 33 के0वी0 उपकेन्द्र एकल लाइन पर टैपिंग से जुड़े हैं। 33 के0वी उपकेन्द्र डौला एवं बसौड़ 132 के0वी0 उपकेन्द्र बागपत से एकल पोषक द्वारा पोषित हैं। 33 के0वी0 उपकेन्द्र धनौरा सिलवरनगर, फतेहपुर एवं गुढेरा 132 के0वी0 उपकेन्द्र सिघांवली से एकल पोषक पर टैपिंग से पोषित हैं। बागपत क्षेत्र एन0सी0आर0 के अन्तर्गत आने के कारण विभिन्न छोटी, मझोली एवं बड़ी औद्योगिक इकाईयॉ दिल्ली से स्थानान्तरित कर स्थापित की जा रही है जिसके दृष्टिगत बागपत जनपद में विद्युत आपूर्ति करने हेतु नये 132 के0वी0 उपकेन्द्र की आवश्यकता है। वितरण इकाई द्वारा 33 के0वी0 डौला एवं बसौड़ की एकल पोषक को समाप्त करने तथा मीतली, गुडहैरा, धनौरा सिलवर नगर उपकेन्द्र/फीडर जुड़ने का प्रस्ताव सूचित है। विलोचपुरा, बागपत में उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है व निजी भू–स्वामियों से क्रय की जायेगी, जिसपर रू0 1.60 करोड़ व्यय अनुमानित है। अतः समिति ने उपकेन्द्र निर्माण कार्य निम्नानुसार अनुमोदित किया:–

- **132/33 के0वी0, 2X40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र बिलोचपुरा(बागपत) का निर्माण (डबल मेन, ट्रांसफर)**
- **बागपत(220)–हरसिया 132 के0वी0 डी0सी0 लाइन के एक सर्किट का 132 के0वी0 उपकेन्द्र बिलोचपुरा(बागपत)**

<u>उपकेन्द्र पर अतिरिक्त 'बे' का प्राविधान</u>

- 132 के0वी0 फीडर 'बे'–2 अद्द
- 132 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–2 अद्द
- 33 के0वी0 परिवर्तक 'बे'– 2 अद्द
- 33 के0वी0 फीडर 'बे'–4 अद्द

अनुमानित व्यय रू0 20.67 करोड़
भूमि की लागत रू0 1.60 करोड़
कुल अनुमानित लागत रू0 22.27 करोड़

(ख) <u>पूर्व अनुमोदित कार्यो में संशोधन का अनुमोदन</u> :–

1– **220/33 के0वी0, 2X60 एम0वी0ए0 (Hybrid with SAS)उपकेन्द्र सतरिख रोड (जुग्गौर), लखनऊ का निर्माण कार्य (डबल मेन, ट्रांसफर) :–**

दिनॉक 27.07.2017 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की चतुर्थ बैठक में सतरिख 220/33 के0वी0 उपकेन्द्र का निर्माण कार्य अनुमोदित किया गया है। क्षेत्र से प्राप्त सूचनानुसार 220/33 के0वी0 उपकेन्द्र सतरिख रोड, बाराबंकी के निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि आसपास उपलब्ध न होने के कारण उपकेन्द्र का निर्माण कार्य सम्भव नहीं है। ग्राम सभा की सीमित भूमि 30 वर्ष के लिए पट्टे पर ग्राम जुग्गौर (सतरिख रोड), लखनऊ (तहसील लखनऊ सदर) में उपलब्ध है, जिस पर हाइब्रिड उपकेन्द्र के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। वितरण इकाई द्वारा नये 33 के0वी0 सतरिख रोड, लौलाई, ओमेगा ग्रीन सिटी, जे0पी0 नगर, विराज खण्ड एवं चिनहट उपकेन्द्र/फीडर का प्रस्ताव सूचित है। अतः समिति ने पुनरीक्षित प्रस्ताव का निम्नवत् अनुमोदित किया :–

| समिति की 13वीं योजनाकाल की चतुर्थ बैठक दिनॉक 27.07.2017 में अनुमोदित प्रस्ताव का विवरण | अनुमोदन हेतु संशोधित प्रस्ताव का विवरण |
|---|---|
| (i) 220/33 के0वी0, 2X60 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र सतरिख रोड, बाराबंकी का निर्माण(डबल मेन, ट्रांसफर) | **220/33 के0वी0, 2X60 एम0वी0ए0 (Hybrid with SAS)उपकेन्द्र सतरिख रोड(जुग्गौर), लखनऊ का निर्माण(डबल मेन, ट्रांसफर)**<br>**<u>अतिरिक्त 'बे' का प्राविधान</u>**<br>**220 के0वी0 परिवर्तक 'बे' – 2 अद्द**<br>**33 के0वी0 परिवर्तक 'बे'–2 अद्द**<br>**33 के0वी0 फीडर 'बे'–4 अद्द** |
| (ii) बाराबंकी(220)–सतरिख रोड, बाराबंकी 220 के0वी0 डी0सी0 लाइन–25 किमी0 | **बाराबंकी(220)–सतरिख रोड(जुग्गौर), लखनऊ 220 के0वी0 डी0सी0 लाइन–25 किमी0** |
| (iii) चिनहट(220)–गोमतीनगर 220 के0वी0 लाइन का सतरिख रोड़(220) उपकेन्द्र पर | **चिनहट(220)–सी0जी0 सिटी(220) 220 के0वी0 लाइन (Single Moose)का सतरिख रोड (जुग्गौर),** |

| | |
|---|---|
| - | आवंटित भूमि पर 11 के0वी0 वितरण लाइनों के विस्थापन का कार्य |
| अनुमानित व्यय रू0 63.78 करोड़ | अनुमानित व्यय रू0 72.50 करोड़<br>पूर्व अनुमोदित व्यय रू0 63.78 करोड<br>संशोधन उपरान्त अनुमानित व्यय रू0 08.72 करोड़ |

(इम्तियाज अहमद)
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पीएसएस)
एवं संयोजक सदस्य

(सुमन गुच्छ)
निदेशक (वाणिज्य एवं नियोजन)
एवं सदस्य

(सरोज कुमार मिश्रा)
निदेशक (वित्त)
एवं सदस्य

(चन्द्र मोहन)
निदेशक (आपरेशन)
एवं सदस्य

(रवि प्रकाश दुबे)
निदेशक (कार्य एवं परियोजना)
एवं सदस्य

(डा0 सेंथिल पांडियन सी0)
प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0
एवं अध्यक्ष